DM
DARKMAGIC
COMICS

05

भाग-२

इरा के कारनामें

अंतरिक्ष का हमला

VISIT…

इरा के कारनामें

अंतरिक्ष का हमला

भाग- २

पिछले भाग में आपने पढ़ा कि हमारी नायिका इरा को ओमेगा नामक यंत्र मिला, जो कि उसे कई शक्तियां देता है । ओमेगा यंत्र मिलने के बाद इरा का सामना कुछ एलियन से होता है, वह इरा को मारने की कोशिश करते हैं लेकिन नाकाम हो जाते हैं ।

अब आगे...

स्टोरी -- सूरज मालवीय

राइटर -- अरविन्द कुमार यादव

आर्ट -- सूरज मालवीय

कवर-- अनिरुद्ध सिद्धार्थ चौहान

कवर पेज-- पासंग अमृत लामा

कैलीग्राफी-- राज सिंह (HDC)

एडिटर-- अरविन्द कुमार व ऋषभ राज...


हमारी पृथ्वी से लगभग 60 प्रकाश वर्ष दूर एक ग्रह एलिप्टा...
...जहाँ मानवों के मुकाबले कई गुना ज्यादा उन्नत सभ्यता निवास करती है।


एलिप्टा ग्रह का राजा...
...लॉर्ड लेमेट्रा अपने सेना के कुछ प्रमुख अधिकारियों से खास बातचीत करते हुऐ।
...तो हमारा स्पेसशिप कहाँ क्रेश हुआ हैं, उसे ट्रेस करो। जल्द से जल्द उसका पता लगाओ।
हम उसी में लगे हुऐ हैं लॉर्ड लेमेट्रा। बहुत जल्द ही हम उसका पता लगा लेंगे। आप निश्चिंत रहे।

पिथियस , मैं आशा करता हूँ कि तुम्हे उस स्पेस शिप में मौजूद उस खास चीज की अहमियत अच्छे से पता होगी। अगर वह चीज किसी गलत हाथ में पड़ गई तो इसका क्या अंजाम होगा, ये बात भी तुम्हे अच्छे से पता हैं।
ज..जी लॉर्ड मेलेट्रा।
तो फिर मुझे लग तो नहीं रहा कि तुम्हारी तरफ से पूरी कोशिश हो रही हैं। क्योकि उस स्पेस शिप का पता लगाने के एक मामूली से काम में इतना समय तो नहीं लगना चाहिए।
अ...ऐसी बात नहीं है लॉर्ड लेमेट्रा। इस काम के लिए मैंने ओमेगा टीम को लगा दिया हैं। वह जल्द ही उसकी लोकेशन ढूंढ लेगी।
इतने में ही एक ओमेगा कमांडर अपने कुछ लोगों के साथ आता हैं।
लॉर्ड लेमेट्रा कि जय हो !
लॉर्ड लेमेट्रा कि जय हो !
हाँ बोलो , क्या अपडेट हैं ?
सर हमने उस स्पेस शिप को ट्रेस कर लिया हैं। उसकी लोकेशन इस समय पृथ्वी नाम के किसी प्लेनेट पर मालूम पड़ रही हैं।
और उसकी वहाँ पर क्रैश लैंडिंग हुई हैं।
और एक बुरी खबर है। उसमे जा रहे हमारे कमांडर की उसी क्रैश लैंडिंग में मौत हो चुकी हैं।
ओह ये तो बहुत बुरी खबर सुनाई तुमने कमांडर।

इससे भी एक बड़ी बुरी खबर हैं लार्ड लेमेट्रा।
और वह क्या है कमांडर ?
किसी पृथ्वी वासी द्वारा उस डिवाइस का इस्तेमाल किया गया हैं।
ओह, जिसका डर था वही हुआ आखिर।
मुझे जल्दी से उस जगह का फुटेज चाहिए, अभी।
सॉरी सर, हमें उस जगह का कोई भी फुटेज नहीं मिल पाया है, लेकिन हम डिवाइस से कांटैक्ट कर सकते हैं।
तो फिर किस चीज के इंतजार में हो आखिर ?
जल्दी से उससे कांटैक्ट करो और जो भी नई खबर मिले मुझे अपडेट देते रहो।
जैसा आप कहे माई लॉर्ड।

दूसरी तरफ इरा इन सब बातो से अन्जान अपने कमरे में गहरी नींद में खोई हुई थी...
...कि तभी।
हे भगवान, अब ये क्या नई आफत है? ये तो चिल्लाए जा रहा है और बंद होने का नाम ही नही ले रहा।
इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए वह अपने भाई के पास चल पड़ी।
मुझे भईया के पास जाना होगा, वही इसका कुछ हल निकाल सकते है।
भाईईईई


इरा की आवाज सुन उसका भाई युग अपने कमरे का दरवाजा खोलकर बाहर देखता है।
क्या हुआ इरा ? इतनी रात गए क्यों चिल्लाकर सबकी नीद खराब कर रही हैं।
क्या हुआ क्यों चिल्ला रही हैं ?
भईया, पता नही अचानक इसमे से कोई आवाज आनी शुरू हो गई और ये बंद ही नही हो रही।
तभी उस डिवाइस में से फिर आवाज आनी शुरू हो गई।
देखो फिर से इसका बेसुरा बाजा शुरू हो गया।
बढ्ढढ्ढ्ढ्

कुछ देर बाद..
क्या ?
इससे पहले कि कोई बहुत बड़ी अनहोनी हो जाए, जल्द से जल्द उस डिवाइस को ब्लॉक किया जाये।
यस...माई लॉर्ड।
अगली सुबह...
ट्रिन ट्रिन ट्रिन।
ऊफ्फ्फ, रात को जो हुआ वह सपना था क्या।
ओह , मुझे स्कूल जाना है , तैयार होना पड़ेगा। बहुत देर हो गई आज तो।


इरा जल्दी से तैयार होकर स्कूल को चल दी।
क्या बात है, अब पैदल ही जाना पड़ रहा है स्कूल हुंह।
सब इस बकवास डिवा...
एक मिनट!
मैं इससे डर क्यों रही हूँ? इसने अभी तक तो मुझे कोई नुकसान नहीं पहुंचाया।
और भईया ने भी तो बताया था ये कोई भूत वूत का चक्कर नहीं बल्कि यह तो कोई अत्याधुनिक डिवाइस है जो इस ग्रह की नहीं लगती।
और उन दोनों कार्टूनों के हिसाब से भी तो ये कोई बहुत कीमती चीज है। तभी तो वो इसे मुझसे छीनने की कोशिश कर रहे थे।
अबे यार। इतनी सारी चीजे मेरे साथ हुई और मैं इतना डर गई थी कि अचानक हुई इन सब चीजो से की इतनी छोटी बात भी नहीं समझ पाई। और फालतू मे ये सब भूतों का कारनामा समझ बैठी हीहीही।

चलो देखते है कि ये चीज और क्या क्या कर सकती है।
क्लिक
पल भर से भी कम समय में इरा का स्वरूप एकदम बदल चुका था।
हाहाहा ! मजा आ गया।
इसमे तो बस यही एक बटन है। चलो दबा के देखते है।
ओ वाऊ।
हाहाहा , वो मारा !
जूउम
भड़ाक


उस दिन मैं दौड़ी भी तो थी, वह भी बिजली की गति से। आज भी ट्राय करती हूँ।
पल भर मे ही इरा बिजली की गति से दौडने लगी।
ईईईईय्य्य्या।
अवर्रीीवववववव।
तभी..
...इरा का शरीर एक मोटे से पेड़ के तने से टकराया और...
चर्र
भडाक
आई इई।
उसका शरीर उस मजबूत तने को भी चीरते हुऐ दूसरी ओर निकल आया।
बचाओ!
चर्र्र्र्र्र

और वह अपना सन्तुलन खो कर जमीन पर औंधे मुँह गिर पड़ी।
हम्फ्फ आह।
अरे वाह! इतने मजबूत पेड़ को मैं चीर कर इधर निकल आई और मुझे चोट भी नहीं आई।
देखते हैं यह और क्या क्या कर सकती हैं। गायब होकर देखती हूँ।
चल अजूबे मुझे गायब कर दें।
क्लिक
ट्रांसमिट।
गायब।
सिम सिम गायब।

लगता हैं गायब होने वाली पावर नहीं हैं इसमे। दूसरा कुछ ट्राई करती हूँ।
अरे वाह , मैं उड़ सकती हूँ।
मजा आ गया !
वोहूउउ !
एक चुम्मा तू हमका उधार दई दे !
न मन्ने शरम आवे है हीहीही।
अबे कौन है बे ! आह !
हाय दईया !
वूउउह्ह्हूउउउउउ

ओमेगा कमांडर इरा की इन बचकानी हरकतों को देख रहा था।
उफ , हमारी ओमेगा डिवाइस इस बेवकूफ प्राणी के हाथो मे कैसे पड़ गई आखिर।
और कितनी देर लगेगी इसे डिफ्युज करने मे।
आलमोस्ट डन कमांडर।
और ये हो गया।
क्लिक
इन सब चीजो से अनजान इरा अपनी मस्ती मे लीन थी।
बहुत मजा आ रहा है वूह्हूउउउ। ऊपर से नीचे का नजारा कितना सुंदर जान पड़ रहा है।
लेकिन तभी अचानक।
उफ ये क्या हुआ।
डिवाइस अचानक बंद हो जाने से इरा का शरीर अचानक नीचे गिरने लगा।
हे भगवान बचाओ ! !


डिवाइस का प्रभाव हटने की वजह से उसका कास्टयुम भी गायब होने लगा।
हे भगवान ! ये क्या हो रहा है ? अब क्या होगा बूहूहू।
आऊऊऊऊ !
अब इसे इरा का भाग्य कहे या कुछ और, वह सीधे जाकर एक कीचड़ भरे गड्ढे मे गिरी।
धप्पा
जान तो बच गई पर वह पूरी तरह से कीचड़ मे सन चुकी थी।
फूऊऊ !
उफ्फ्फ ! आज का तो दिन ही खराब चला गया। अब स्कूल कैसे जाऊँ ? अब तो घर ही लौटना पड़ेगा।
कुछ समय बाद घर पर।
उफ , कैसी घटिया डिवाइस हैं ये। जब जरूरत पड़ती हैं तो काम करना बंद कर देती हैं।
एक मिनट चुप कर जा , मुझे लग रहा है अब यह बंद हो चुकी है , अब शायद इसे तेरे हाथ से अलग किया जा सकता हैं।

कुछ ही देर मे...
ये ले, निकल गया। अब तुझे परेशान होने की कोई जरूरत नहीं।
थैंक गॉड।
कुछ दिन बीत गए, अब इरा रोज स्कूल टाइम से जाने लगी।
हाय।
हाय इरा।
हाय इरा!
अबे तू फिर से आ गया? और हाय -हाय के अलावा आगे भी कुछ बोलेगा?
व...वो मैं तुमसे पूछना चाहता था कि...
क्या पूछना चाहता था?
य...यही कि...


हांय ?
मैं..भूल गया। क...किसी से पूछ के आता हूँ।
अबे ये हिला हुआ हैं क्या ?
शायद तुझे डेट के लिए पूछना चाह रहा था बेचारा। पर शर्म के मारे बोल नहीं पा रहा हाहाहा।
बाप रे ! उसके सामने तो मेरी आवाज ही बंद हो जाती हैं।
छोड़ यार बकवास मत कर, चल क्लास का टाइम हो गया।
तेरे तो जलवे हैं यार हाहाहा।
शाम को स्कूल की छुट्टी होने के बाद...
बाए इरा।
बाए इरा।
बाए दोस्तों कल मिलते हैं।
अपने दोस्तों को छोड़ने के बाद इरा अकेली घर को चल पड़ी।
अबे तेज चला वो आगे निकल जाएगी।
चला तो रहा हूँ ! हम्फ्फ्फ।


भाई एक काम कर, तू खुद ही चला ले।
अबे आगे देख।
तभी अचानक...
अबे देख के।
हाँ देख ही रहा हूँ उफ्फ्फ।
अबे मोटे!
दोनों सीधे इरा के पास जमीन पर आकर गिरे।
उफ्फ्फ!
धम्म
धपाक
आह मम्मी!
आज तेरी एक्सट्रा चर्बी काम दे गई वरना आज तो...


ओए , तुम लोग पीछा क्यों कर रहे हो मेरा ?
व...वो हम।
आज तो मैं तुमसे पता करके ही रहूंगी कि आखिर मे इतने दिन से मुझसे कहना क्या चाहते हो ?
बोलो ! ! ! मेरा पीछा क्यों कर रहे हो ? तुम्हारा घर का रास्ता तो दूसरी तरफ है।
ह...हम तुम्हारा पीछा नहीं कर रहे थे।
तो यहाँ क्या करने आए हो ?
वो हम ... हम चिक्की लेने आए थे।
चिक्की ? वो क्या होता है ?
व...वो एक तरह की टॉफी होती हैं। वह इसी तरफ मिलती हैं। इस श्यामू को बहुत पसंद हैं इसीलिए आना प...पड़ा। उफ्फ्फ।

तभी एक आवाज ने इरा का ध्यान खींचा...
इट्स इमरजेंसी...
मुझे पता है तुम झू...
TV पर एक आपातकालीन सूचना प्रसारित की जा रही थी।
अभी अभी सूत्रो से खबर मिली है की अंतरिक्ष से भारी मात्रा मे कई उल्काएं बहुत तेज गति से पृथ्वी की ओर बढ रही है...
....इसकी गति काफी तेज है। यह अगर इसी रफ्तार से हमारी तरफ बढते रहे तो कुछ ही घंटो मे पृथ्वी के वातावरण मे प्रवेश कर जाएंगे...
हे भगवान !
बच गए बूहूहू।
जल्दी निकल ले भाई यहां से।
...इस विषय मे बात करने के लिए हमारे साथ हैं हमारे शहर के मेयर श्री रमेश तोगड़िया जी।
COUNTE


सभी नगरवासियों से अनुरोध है कि वह घबराए नहीं और अपने अपने घरो मे ही रहे...
ये क्या होने वाला है ? क्या सच मे ऐसा होने वाला है ? अगर ऐसा हुआ तो क्या होगा ?
काश वह डिवाइस काम करना शुरू कर देती।
उफ, जब इस डिवाइस की आज सच मे जरूरत है तो यह काम ही नही कर रही।
अब क्या करू ? अगर ये डिवाइस काम करती तो मै इन उल्काओं को रोकने की कोशिश तो करती।
हे भगवान ! क्या आप सुन रहे हो ? कम से कम आप कुछ तो मदद करो। क्या इस दुनिया को ऐसे ही बर्बाद हो जाने दोगे ?


भगवान का तो पता नही पर इरा की आवाज किसी के कानो तक पहुंच रही थी...
उफ्फ ! क्या करूं इस लड़की का ?
क्या सोच रहे हैं कमांडर ?
काफी असमंजस मे हूँ।
अगर इस ग्रह के निरीह प्राणियो को हम बचाना भी चाहे तो लॉर्ड लेमेट्रा हमें इसकी इजाजत नही देंगे क्योकि इससे हमारे अस्तित्व का इनके सामने उजागर होने का खतरा है।
चूंकि इस ओमेगा डिवाइस मे इतनी तो क्षमता है कि ऐसे छोटे मोटे हमले का सामना आसानी से कर सके पर...
...पर क्या कमांडर ?
...पर वह डिवाइस एक नासमझ लड़की के पास है और सबसे बड़ी बात तो ये कि वह अभ्यस्त भी नही है इसके इस्तेमाल के लिए।
और अगर कही लॉर्ड लेमेट्रा को इस बात की जरा सी भनक भी लगी तो हम सभी को उनके गुस्से का सामना करना पड़ेगा।
तो क्या हम इतने बड़े ग्रह के एक बड़े हिस्से को तबाह होते देखते रहे ?

वही तो समझ नही आ रहा है। ये उल्काएं पृथ्वी के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र मे गिर रही है।
बहुत बड़ी संख्या मे लोग मारे जाएंगे।
हमें कुछ करना ही होगा।
ध्यान रहे हमारे इस कार्य के बारे मे लॉर्ड लैमेट्रा को भनक तक नही लगनी चाहिए।
यस कमांडर!
डिवाइस को एक्टिवेट करो।
ओए! ये तो चालू हो गई। हे भगवान, आखिर आपने मेरी सुन ही ली।
टीं टीं टीं।
इरा अपनी इस लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी।
सारी दुनिया की नजरे अब बस सिटी पर टिकी हुई है।
तेजी से बढ़ते उल्काओं ने इसी नगर को अपना निशाना बनाया हुआ है जो बस अब कुछ ही मिनटों का मेहमान है।
अबे यार, अब तो मुझे जल्दी जाना होगा। भईया को बताने तक का टाइम नही है अब।
चलो अब जो होगा देखा जाएगा।

पृथ्वी के ऊपर कुछ ऊँचाई पर रुक कर इरा को कुछ याद आया।
अबे यार, जोश -जोश मे यहाँ चली तो आई पर इतने उल्का पिंडो को रोकूँ कैसे ?
भईया से पूछती हूँ।
इधर युग भी आ रही इस बड़ी आपदा को लेकर चिंता मे डूबा हुआ था।
हे भगवान, अब तो हम सब कुछ ही पलों के मेहमान है। क्या हम ऐसे ही मारे जाएंगे। अभी तो मेरी शादी भी नही हुई बूहूहू।
तभी फोन की घंटी बजी।
अब ये कौन है यार।
ट्रिन ट्रिन ट्रिन।
इरा !!!! तू ऊपर कैसे म...मेरा मतलब आसमान मे कैसे पहुची। जल्दी से यहाँ वापस आ। तेरा दिमाग खराब है क्या ?
हम मरने वाले है। जल्दी से यहाँ आ हम साथ मे मरेंगे।
भईया, अब जब मरना ही है तो क्यो ना एक आखिरी कोशिश ही कर ली जाए।
आप को तो इस डिवाइस की पावर के बारे में मैंने बताया ही था।
इरा तू पहले नीचे आ।
भईया मैं नही आने वाली। आप बस कोई तरीका बताओ कि इसे कैसे रोका जा सकता है।


आपको इसके हर पावर के बारे मे मैंने बताया था आप बस बताओ की कैसे इस्तेमाल करना है इसका।
अच्छा ठीक है रुक सोच के बताता हूँ।
एक काम कर जितना हो सके तू उल्काओं पर हमला कर। क्या पता वह टूट कर बिखर जाए।
ठीक है भईया, यही करती हूँ।
कुछ ही पल बाद इरा उल्काओं के रास्ते मे ठीक उनके सामने थी।
इन पर इसी तरफ से हमला करती हूँ। क्या पता ये पीछे चले जाए।
उसने धरती की तरफ बढ़ रही उल्काओं को नष्ट करना शुरू कर दिया।
बूम
बूम
भड़ाक
अरे वाह! ये तो खत्म हो रहे है।
बूम
मुझे हमला और तेज करना होगा।
बड़ाम

कुछ ही समय के भीतर इरा ने सभी उल्का पिंडो को नष्ट कर डाला था...
चलो काम खत्म हुआ। इतना भी मुश्किल नही था हाहाहा।
सर्र
उफ्फ्फ।
...सिवाय एक के
अरे! ये तो इस पर मेरे किसी वार का असर ही नही हो रहा। अब क्या करूं।
ओए, यही आखिरी बचा है पर यही खत्म होने का नाम नही ले रहा। अब क्या करूं? भईया से पूछना पड़ेगा।
अरे यहाँ तो नेटवर्क ही नही पकड़ रहा। लगता है थोड़ा नीचे जाना होगा।

क्या बात कर रही है ? कुछ भी नही हो रहा है ?
हाँ भईया ! और समय बहुत कम बचा है। क्या करूं ?
एक काम कर...
ओके समझ गयी।
इरा ने युग के आईडिए के अनुसार उल्का पिंड में ड्रिल करना शुरू कर दिया।
भईया के अनुसार मुझे इस पिंड में अंदर तक होल करना होगा।
अंदर केंद्र से इस पिंड को आराम से नष्ट किया जा सकता है।
तभी सामने इरा को कुछ अविश्वसनीय चीज दिखाई दी।
हे भगवान ! ये क्या है।


कौन है जो अपनी मौत को इतने नजदीक से देखने यहाँ चला आया।
??
ओह्हो, तो ये चीज है अंदर।
तू यहाँ आ तो गई है लड़की पर यहाँ से बच के नही जाएगी।
ओए कद्दू! वैसे तो तेरी भाषा समझ नही आ रही पर जरूर तू वही पिटे हुए विलेन्स वाले गंदे डाइलॉग मार रहा होगा। तेरी जम के खबर लेनी होगी।
आईईईईईईईई!
धड़ाक
पर इससे पहले कि इरा वार करती...


उस एलियन ने ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया।
हे भगवान , ये तो शुरू हो गया।
भड़
बढ़ाक।
बूम
तुझे अब अपनी स्पीड दिखाती हूँ, ये देख।
वह एलियन रुकने का नाम ही नही ले रहा था।
ओह, इसने तो मेरा स्पीड टेस्ट लेना स्टार्ट कर दिया
बहुत जान है तुझमें लड़की। पर फिक्र मत कर जल्द ही तुझे तेरे भगवान के पास भेज दूंगा।
बूम
इसके इन हाथों को नष्ट करना होगा पहले हम्म्फ।
बड़ाम।
अब मेरी बारी है।
हीइआ।

तेरे हाथ तो काट दिए। अब तेरे सर की बारी है।
बूम
बड़ाम
अचानक वहां आस पास सभी जगह विस्फोट होने शुरू हो गए।
उफ्फ ! ये क्या हो रहा है। यहाँ से निकालना पड़ेगा जल्दी से जल्दी।
अबे यार , ये तो विस्फोट रुकने का नाम ही नही ले रहा।
वह तबाही इतनी तेज हुई कि इरा भी अपने आप को बचा ना पाई...
बड़ाम
उफ्फ्फ !
...और उसके चपेट में आ गई...

और कुछ पलों के लिए इरा ने अपने होश खो दिए और उल्काओं के टूटे टुकड़ो के साथ नीचे गिरने लगी।
अरे ये उल्काएं तो नष्ट हो गई है। और ये उनके साथ ये इंसान जैसा क्या आ रहा है।
नीचे आते आते लगता है पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे। यानी हम खतरे से बाहर हैं! हुर्रे।
इरा उनके बीच आकर गिरी।
अरे ये तो वही लड़की है जिसने पिछली बार हमें बचाया था।
हाँ न्यूज में तो इसे ही दिखा रहे थे।
पर ये है कौन?
कौन हो तुम बेटी?
तुमने हमें बचाया है, क्या नाम है तुम्हारा?
हे भगवान, जल्दी से मुझे यहाँ से निकलना होगा।
अरे नाम तो बताती जाओ जी।
अबे हट।
अरे ये तो बिना बताए ही चली गई।
समाप्त।

समय चाहे २०२० हो या २०८८ समाज में रहने वाले अराजक तत्व हमेशा उत्पात मचाने के लिए तैयार रहते हैं। इस बार ,ऐसे ही कुछ सुपर विलेन के ग्रुप ने पृथ्वी पर से सभी सुपरहीरोज को नष्ट करने का प्रण लिया है जिनका नाम है...

"The company"

ब्लैक बोर्ड ५

नमस्कार बंधु-ओ,

-आशा है यह -अंक -आप लोगों को काफी पसंद -आया होगा। यह -अंक -अपने -आप में विशेष है। डार्क मैजिक कॉमिक्स के किसी एक चरित्र के कॉमिक्स सीरीज का दूसरा भाग है यह -और इसी के साथ इसने पिछले कुछ वर्षों में पनप गए उस मिथक को तोड़ा है जिसमें किसी नए कॉमिक्स कंपनी का -अपने किसी एक चरित्र के कॉमिक्स का दूसरा भाग रिलीज किए बिना ठप्प पड़ जाने की मुहर लग गई थी।

' -अंतरिक्ष का हमला ' इरा के बढ़ते स्वरूप ,-आत्मविश्वास -और -ओमेगा डिवाइस की शक्तियों के विस्तृत उपयोग की कहानी है।जहां पूर्व भाग में इरा -अपनी शक्तियों से पूर्णतः -अनभिज्ञ थी वहीं इस भाग में एक्शन का दायरा काफी बड़ा हो गया है। कहानी जारी रहेगी -अगले कुछ भागों में तब तक दूसरे सुपर हीरोज भी -आप से मिलने को -अपना नम्बर लगाए खड़े है।

इस कॉमिक्स के देर से -आने का कारण कोरोना महामारी के चलते कलाकारों का -अपने -अपने घरों में सामग्री का उपलब्ध न हो पाना -और कुछ जगहों पर तकनीकी परेशानियों का होना है। इसलिए ' सुजी मैन ' कॉमिक्स की पूर्व निर्धारित रिलीज को टाल कर सुपर गर्ल इरा की ' -अंतरिक्ष का हमला ' -आपके सामने प्रस्तुत किया गया। चूंकि हमारी टीम -अपने इलाकों में ही रह कर काम करती है तो सबकी -अलग तरह की दिक्कतें -आना लाजिमी है। फिर भी बहुत ही कम समय में यह हमारी पांचवी कॉमिक्स -और ' सुपर गर्ल इरा ' के सीरीज की दूसरी कॉमिक्स है। -अब यह सिलसिला -आगे रुकने का नाम नहीं लेगा। -अगर -आप जैसे पाठकों का साथ -और -आपका हममें विश्वास ,ऐसे ही बना रहे तो हम कॉमिक्स बनाते न थकें -और -आप पाठकगण पढ़ते न थकें।

-आपके हितैषी

टीम डार्क मैजिक कॉमिक्स